## खबर संक्षेप

### किसान की मौत, पिता ने बताया हत्या

**पांढुर्णा।** आज बडचिचोली में खेत के कोठे में गणेश पराडकर आयु 35 नामक किसान का शव पाया गया। किसान के पिता विठ्ठल पराडकर के अनुसार गणेश शनिवार को खेत में गया था। आज पडोसी किसान ने गणेश को खेत के कोठे संदिग्ध हालात में मृत पाया। किसान के पिता ने कहा कि मृतक की एक आंख फूटी हुई है, पेट और उंगलियों में भी चोटों के निशान है। इन चोटों के आधार पर गणेश की हत्या होने की शंका पिता ने जाहिर की है। पुलिस ने शव को पी.एम. के लिए भेजा है। पीएम रिपोर्ट और विवेचना के उपरांत ही किसी नतीजे पर पहुंचा जाएगा ऐसा पुलिस ने कहा है।

### कामाख्या यात्रा के लिए आज होगा यात्रियों का चयन

**सौंसर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत कामाख्या तीर्थ की यात्रा पर जाने वाले इच्छुक तीर्थयात्रियों के चयन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है। इस संबंध में जनपद पंचायत सौसर सहायक नोडल अधिकारी, सौसर द्वारा जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार, योजना के तहत जिले के विभिन्न निकायों से प्राप्त आवेदनों की छंटनी और चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। कार्यालय कलेक्टर, जिला पांढुर्णा के निर्देशानुसार, अनुभाग सौसर के अंतर्गत आने वाली जनपद पंचायत सौसर, नगर पालिका सौसर, नगर परिषद पिपला नारायणवार, नगर परिषद लोधीखेड़ा एवं नगर परिषद मोहगांव से कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदकों में से तीर्थयात्रियों का चयन पारदर्शी तरीके से करने हेतु कंप्यूटर आधारित रेंडमाइजेशन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चयनित यात्रियों एवं प्रतीक्षा सूची के निर्धारण के लिए यह प्रक्रिया दिनांक 30 जून को प्रातः 11 बजे आयोजित की जाएगी। यह चयन कार्यक्रम जिला स्तर पर गठित अनुभाग सौसर की चयन समिति की देखरेख में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सौसर के कक्ष में संपन्न होगा। उल्लेखनीय है कि चयनित तीर्थयात्री 11 जुलाई से 16 जुलाई तक कामाख्या तीर्थ की यात्रा पर जाएंगे।

## निर्बाध जलापूर्ति के लिए पॉन्टून पंप से नहर में छोड़ा पानी, 24 घंटे निगरानी के निर्देश

# पानी के लिए हाहाकार, फेल हो गई नगर सरकार, कन्हरगांव डैम का जलस्तर गिरा

रिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले में दूरदर्शिता और प्रबंधन की लापरवाही के चलते अभूतपूर्व जल समस्या का सामना आम जनता को करना पड़ रहा है। यद्यपि निजी बोर वाले और टैंकर सप्लाई से स्थिति नियंत्रण में तो है परंतु आने वाले समय में यह स्थिति भयावह हो सकती है। कन्हरगांव डैम का जलस्तर लगातार घट रहा है। संभावित जल संकट को देखते हुए नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। शहरवासियों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन ने तकनीकी स्तर पर त्वरित कदम उठाते हुए डैम से पॉन्टून पंप (फ्लोटिंग पंप) के माध्यम से नहर में पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया है, ताकि भरतादेव फिल्टर प्लांट तक पर्याप्त मात्रा में रॉ वॉटर पहुंच सके और शहर की जलापूर्ति प्रभावित न हो।

इसी सिलसिले में सोमवार को नगर निगम महापौर विक्रम अहके, नगर पालिक निगम आयुक्त



चंद्रप्रकाश राय, जल सभापति मनोज कुशवाहा, भाजपा नेता मनोज सक्सेना तथा सहायक यंत्री विवेक चौहान सहित तकनीकी अधिकारियों की टीम ने कन्हरगांव डैम पहुंचकर जल भंडारण एवं जलापूर्ति व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने डैम में उपलब्ध पानी, पंपिंग सिस्टम तथा जलापूर्ति से जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और भविष्य की संभावित परिस्थितियों के मद्देनजर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि जलस्तर में लगातार गिरावट के बावजूद उचित तकनीकी प्रबंधन से शहर की जलापूर्ति को सुचारू बनाए रखा जा सकता है। इसी के तहत मौके पर ही फ्लोटिंग पॉन्टून पंप की सहायता से डैम का पानी नहर में प्रवाहित करने का निर्णय लिया गया, जिससे भरतादेव फिल्टर प्लांट तक कच्चे पानी की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे और नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पड़े।

महापौर विक्रम अहके ने कहा कि नगर निगम का पहला दायित्व शहरवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना है। वर्षा की कमी के बावजूद प्रशासन सभी आवश्यक संसाधनों का उपयोग कर जलापूर्ति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मौके पर पहुंचे आयुक्त और महापौर

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल स्रोतों की लगातार निगरानी करते हुए समय रहते आवश्यक निर्णय लिए जाएं, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय ने निरीक्षण के दौरान तकनीकी अमले को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलापूर्ति व्यवस्था पर 24 घंटे निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि पंप संचालन, जल स्तर और वितरण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी अथवा लापरवाही तत्काल दूर की जाए। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और आम नागरिकों तक नियमित रूप से पेयजल पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने को कहा। जल सभापति मनोज कुशवाहा ने बताया कि निगम प्रशासन संभावित संकट को देखते हुए पहले से ही वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर कार्य कर रहा है। फ्लोटिंग पंप के जरिए पानी नहर में छोड़ने की व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे जलापूर्ति श्रृंखला निर्बाध बनी रहेगी।

### आवश्यकतानुसार जल का उपयोग करने की नागरिकों से की अपील

निरीक्षण के दौरान तकनीकी अधिकारियों ने भी डैम की वर्तमान स्थिति और जलापूर्ति प्रणाली की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए शहर की जल आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त तकनीकी उपाय भी तत्काल लागू किए जाएंगे। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि जल का उपयोग आवश्यकतानुसार एवं सावधानीपूर्वक करें तथा पानी की अनावश्यक बर्बादी से बचें। प्रशासन का कहना है कि सामूहिक सहयोग और तकनीकी प्रबंधन के माध्यम से संभावित जल संकट की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकेगा।

## जल संकट के स्थायी समाधान की मांग, तीन पार्षदों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



शहर में लगातार बनी हुई पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 41 के पार्षद चंद्रभान देवरे, वार्ड 42 के पार्षद संदीप सिंह चौहान एवं वार्ड 43 की पार्षद शिवानी बंटी सक्सेना ने नगर पालिक निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर के भरतादेव, संचार कॉलोनी, गुलाबरा सहित जल संकट से प्रभावित क्षेत्रों को माचागोरा डैम की पेयजल योजना से जोड़ने की मांग की गई है।पार्षदों ने कहा कि इन क्षेत्रों में हर वर्ष गर्मी के मौसम में पेयजल संकट गहरा जाता है। यदि माचागोरा डैम से स्थायी जलापूर्ति व्यवस्था विकसित की जाती है तो लंबे समय तक इस समस्या का समाधान हो सकेगा। साथ ही भविष्य में कन्हान कॉम्प्लेक्स परियोजना शुरू होने पर इन क्षेत्रों को उससे भी जोड़ने की मांग की गई है।ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि गुलाबरा क्षेत्र के मोती मोहल्ला पार्क, षष्ठी माता मंदिर, जेल बगीचा, कलेक्ट्रेट के सामने स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी परिसर तथा गुलाबरा के मध्य तकनीकी सर्वेक्षण कर नए बोरवेल स्थापित किए जाएं। पार्षदों का कहना है कि अतिरिक्त जल स्रोत विकसित होने से आपातकालीन परिस्थितियों में भी नागरिकों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने नगर निगम से जनहित में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है।

# अनियंत्रित कार ने ली एक मजदूर की जान, दो घायल

## ड्रीम लैंड सिटी के पास सड़क हादसा, घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सोमवार की सुबह छिंदवाड़ा-नागपुर मार्ग पर ड्रीमलैंड सिटी के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक सुहागन के माथे का सिंदूर छीन लिया है। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह वार्ड क्रमांक 9 के निवासी मनोहर भोयर (50 वर्ष) रामाकोना की ओर से वार्ड क्रमांक 12 निवासी सुखदेव बावने की मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। तभी



छिंदवाड़ा की ओर से तेज गति से आ रही एक सफेद अर्टिगा कार ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि मनोहर भोयर ने दम तोड़ दिया, वहीं बाइक चालक सुखदेव बावने गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अनियंत्रित कार ने आगे चल रही एक अन्य गाड़ी को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे छिंदवाड़ा निवासी अमोल बुनकर (राजपाल चौक, तारा कॉलोनी) घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन हरकत में आया। ऑटो के माध्यम से घायलों को तत्काल सौसर के अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। मृतक मनोहर भोयर एक मेहनतकश मजदूर थे, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके असामयिक निधन से पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

घर में पिता का साया उठने के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। शाम को पोस्टमार्टम के बाद उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। मामले की जांच कर रहे एएसआई प्रहलाद बैरागी ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त अर्टिगा कार को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### कल से शुरू होगी छिंदवाड़ा से मैहर तक पदयात्रा

**छिन्दवाड़ा।** धर्म के प्रति विशेष आस्था रखने वाले संवेदनशील सांसद बंटी विवेक साहू प्रतिदिन 30 किमी पैदल चलकर 14 दिनों में छिन्दवाड़ा से सिवनी और जबलपुर होते हुए मैहर तक 375 किलोमीटर की धार्मिक पदयात्रा पूरी करेंगे। छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा के जिलेवासियों की सुख, समृद्धि, वैभव और शांति के लिए सांसद बंटी विवेक साहू धार्मिक पदयात्रा कर रहे है। 14 दिवसीय पदयात्रा की शुरूआत सांसद बंटी विवेक साहू के छिंदवाड़ा स्थित निवास स्थान से कल 01 जुलाई को दोपहर 1 बजे से होगी, 14 दिन की यह पदयात्रा 14 जुलाई को मैहर में संपन्न होगी। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू की मैहर तक की पदयात्रा 01 जुलाई से शुरू होगी। जिसमें वे पहले दिन 23 किमी की पदयात्रा पूरी कर रामेश्वर धाम में विश्राम करेंगे। दूसरे दिन की पदयात्रा रामेश्वर धाम से शुरू होगी।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

**छिन्दवाड़ा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक सोमवार को कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करने के साथ ही नवीन एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, परियोजना अधिकारी एन.एच. ए.आई, सचिव एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग कौशल सिंह परते, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अनुराग शुक्ला, सड़क संबंधी सभी विभागों के अधिकारी, डीएसपी एवं टीआई यातायात सहित नगर निगम, स्वास्थ्य व विद्युत विभाग के अधिकारी और समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार एमपीआरडीसी की सड़क के अनावश्यक कट पॉइंट (डिवाइडर गैप) को बंद करने के लिए रोड सेफ्टी ऑडिट की टीम मद्रास से बुलवाई गई है। उसके सुझाव के अनुसार ही आगामी कार्यवाही की जाएगी।

### पांढुर्णा के विकास में रूकावट नहीं आने दूंगा, मेरी गारंटीः सांसद



**पांढुर्णा।** पांढुर्णा के विकास में कोई रूकावट नहीं आने दूंगा, यह मेरी गारंटी है। यह वक्तव्य आज 29 जून कोयहां नागपुर रोड पर नगरपालिका पांढुर्णा के बहुप्रतीक्षित व्यापार संकुल "राजा भोज शॉपिंग कॉम्पलेक्स" के भूमिपूजन अवसर पर क्षेत्रीय सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू ने दिया। इन्होंने अमरावती रोड पर रेलवे ओव्हर ब्रिज, कन्हान कॉम्पलेक्स परियोजना, भूली जलाशय, सभी बायपास पर जनता की सुविधा के लिए ओव्हर ब्रिज तथा अमरावती रोड पर बायपास का उल्लेख करते हुए कहा कि, इनमें से कुछ योजनाएं काम शुरू करने के चरण में पहुंच चुकी है और कुछ जल्द ही स्वीकृत हो जाएगी। नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने 3 करोड 59 लाख की लागत से बनने जा रहे इस कॉम्पलेक्स को शहर के विकास की नींव बताया और कहा कि, इससे क्षेत्र में रोजगार व्यापार की बढोतरी में काफी मदद मिलेगी। विधायक निलेश उईके ने कहा कि, पांढुर्णा के विकास में एक और पंख लगने जा रहा है। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा कि, भाजपा के आत्मनिर्भर भारत विचार के तहत पूरे जिले में विकासकार्य काफी तेजी से जारी है। पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने कहा कि, मैने और निवर्तमान पूर्व विधायक मारोतराव खवसे ने पांढुर्णा को जिला बनाने के लिए काफी कोशिशें की है। भविष्य में यह जिला नई उंचाईयों को छुएगा। इस भूमिपूजन अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उज्वल सिंह चौहान, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागाणी, ओबीसी अध्यक्ष रामेश्वर खोडे, जिला पंचायत सदस्या सुनंदा डोंगरे, सौंसर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सौंसर नपा अध्यक्षा सुलेखाताई डागा, नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल और अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से बदली पुरुषोत्तम प्रधान की जिंदगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शासन की स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाली योजनाएं आज अनेक लोगों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम बन रही हैं। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं एवं उद्यमियों को स्वयं का व्यवसाय स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी योजना का लाभ लेकर छिंदवाड़ा के श्री पुरुषोत्तम प्रधान ने अपने सपनों को साकार करते हुए स्वयं का टेंट हाउस व्यवसाय स्थापित किया और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया। छिंदवाड़ा निवासी श्री पुरुषोत्तम प्रधान पूर्व में अन्य व्यक्ति के यहां टेंट व्यवसाय में कार्य करते थे। स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने की इच्छा होने के बावजूद आर्थिक संसाधनों के अभाव के कारण वे इसे शुरू नहीं कर पा रहे थे। इसी दौरान उन्हें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई और उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र छिंदवाड़ा से संपर्क कर योजना की प्रक्रिया एवं लाभों की जानकारी ली। योजना के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा छिंदवाड़ा के माध्यम से श्री प्रधान को 10 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया गया। प्राप्त राशि से उन्होंने प्रधान टेंट हाउस की स्थापना की, जिसमें विवाह एवं अन्य आयोजनों के लिए आवश्यक सजावट सामग्री सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वयं का व्यवसाय स्थापित होने से श्री पुरुषोत्तम प्रधान आज आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर हैं। व्यवसाय में वृद्धि के साथ उनकी आय में भी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही वे वर्तमान में 4 अन्य व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराकर समाज के

## निःशुल्क कोचिंग से बच्चों को शिक्षा के साथ मिलेगा आत्मबलः सांसद

### सांसद ने गायत्री चेतना केंद्र मोहननगर में शुरू की निःशुल्क कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

गायत्री चेतना केंद्र में लम्बे समय से आमजनों को अध्यात्म से जोड़ा जा रहा है, यहा आने वाले लोगों को गायत्री परिवार के द्वारा किए जाने वाले अनुष्ठानों के माध्यम से आत्मबल प्राप्त हो रहा है। अब यहा पर सांसद निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से पढ़ने वाले बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आत्मबल, पढाई करने के लिए शक्ति और प्रेरणा भी मिल सकेंगी। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने मोहननगर छिंदवाड़ा में स्थित गायत्री चेतना केंद्र में सांसद निःशुल्क कोचिंग के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम में मौजुद बच्चों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सांसद श्री साहू ने गायत्री चेतना केंद्र में विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए सांसद निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ भी किया।

इस दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने मां गायत्री एवं गायत्री परिवार के संस्थापक और मार्गदर्शक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य (गुरुदेव)



और भगवती देवी शर्मा (माताजी) को शत-शत नमन करते हुये कहा कि इस निःशल्क कोचिंग के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण, विशेषज्ञों का मार्गदर्शन एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पर पढ़ने वाले सभी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में शत प्रतिशत सफलता के लिए तैयार किया जाएंगा। सांसद श्री साहू ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर से बेहतर अवसर उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला सयोजक एवं सांसद निःशुल्क कोचिंग के मार्गदर्शक व संचालक संतोष साहू ने बताया कि सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर विगत वर्ष भी जिले के 1,100 युवाओं को अटल आरक्षक कोचिंग के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग प्रदान की गई थी, जिसमें से लगभग 250 युवाओं को चयन विभिन्न विभागों में हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले जलदूत होंगे सम्मानित

### कलेक्टर श्री नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मंगलवार 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, समारोह पूर्वक किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम, सभी विकासखण्डों व नगरीय निकायों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे और विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया



जाएगा। अभियान के समापन समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों के साथ ही अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल दूतों, स्वयं सेवी संस्थाओं और नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने स्थित मैदान में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। सभी कार्यक्रम स्थलों पर जल संवाद का आयोजन किया जाएगा।

## 7 दिन में मरम्मत के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ धरना

**सौंसर।** जाखीवाड़ा पिपला राजना मार्ग की बदहाल स्थिति और प्रशासन की कथित अनदेखी के विरोध में सोमवार को मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोपान कोहले के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों ने लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सामने जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान लोक निर्माण



प्रशासन को विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सोपा गया,प्रदर्शन के दौरान प्रदेश युका सचिव सोपान कोहले ने शासन-प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि पिपला राजना मुख्य मार्ग पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो चुका है। जर्जर सड़क के कारण आए दिन राहगीर और वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद सोए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की जान से खिलवाड़ अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के द्वारा लोक निर्माण विभाग के एस.डी.ओ. सुधांशु चौरसिया पीपला नारायणवार राजना सड़क के साथ ही क्षेत्र की कई ग्रामीण क्षेत्र की खराब सड़कों को लेकर ज्ञापन सॉफ्टवेयर हुए जल्द कार्रवाई करने की मांग की, इस दौरान श्री चौरसिया के द्वारा 7 दिनों के भीतर समस्या का समाधान करने0 का आश्वासन दिया है। धरना समाप्त करते हुए प्रदेश सचिव सोपान कोहले ने विभाग को कड़े शब्दों में चेतावनी दी खराब सड़क के कारण आए दिन दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं।

### यात्रियों को सोमवार से ही मिलना शुरू हुई पेंचव्हेली ट्रेन में बढ़े हुए कोचों की सुविधाएं

# पेंचव्हेली ट्रेन में थर्ड एसी और जनरल के बढ़े कोच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के विशेष प्रयासों के बाद पेंचव्हेली ट्रेन में एक थर्ड एसी एवं एक जनरल कोच बढ़ा दिया गया है। जिसकी सुविधाएं यात्रियों को जल्द ही मिल सकेगी। पेंचव्हेली ट्रेन में एसी, स्लीपर एवं जनरल कोच बढ़ाए जाने को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव से मुलाकात के दौरान निवेदन किया था।

इसके साथ ही सांसद श्री साहू ने नागपुर में आयोजित हुई मंडल स्तरीय बैठकों एवं पिछले दिनों छिन्दवाड़ा प्रवास पर आए रेलवे के जीएम व डीआरएम से भी मुलाकात करते हुए पेंचव्हेली ट्रेन एसी, स्लीपर एवं जनरल कोच बढ़ाने सहित अन्य ट्रेनों में भी सुविधाएं बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए निवेदन किया था।



सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा किए गए लगातार प्रयासों का ही परिणाम है कि अब छिन्दवाड़ा सहित अन्य रेलवे स्टेशनों से पेंचव्हेली ट्रेन में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को बढ़े हुए कोचों का लाभ सोमवार से ही मिलना शुरू भी हो गया है। इसके लिए वेस्टर्न रेलवे ने आदेश भी जारी कर दिए है।

उल्लेखनीय है कि पेंचव्हेली ट्रेन में बढ़ती हुई यात्रियों की संख्या और वेटिंग को लेकर पिछले लंबे समय विभिन्न संगठनों एवं यात्रियों के द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए पेंचव्हेली ट्रेन में एसी, स्लीपर एवं जनरल कोच बढ़ाने की मांग की जा रही थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू द्वारा लगातार प्रयास भी किए जा रहे थे। सांसद श्री साहू ने बताया कि यात्रियों की मांग को देखते हुए पेंचव्हेली ट्रेन सहित अन्य ट्रेनों में कोच व अन्य सुविधाएं बढ़ाएं जाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे है। शीघ्र ही सभी ट्रेनों में कोचों सहित अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएगी।

पेंचव्हेली ट्रेन में थर्ड एसी एवं जनरल कोच बढ़ाए जाने पर रेल यात्री सेवा एवं संरक्षण समिति, नेताजी सुभाषचंद्र बोस रेल यात्री संघ, रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन, रेलवे इंस्टीट्यूट संगठन, छात्र संगठनों, रेलवे के अन्य संगठनों, जनप्रतिनिधियों सहित रेल यात्रियों ने रेल मंत्री अश्विणी वैष्णव, सांसद बंटी विवेक साहू और रेलवे के जीएम, डीआरएम का आभार व्यक्त किया है।

# राम मंदिर में चोरी, उज्जैन में भूमि घोटाले को लेकर महिला कांग्रेस ने जताया विरोध

## नगर महिला कांग्रेस संगठन की ओर से राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



29 जून छिंदवाड़ा के परासिया तहसील मुख्यालय में 29 जून को पूर्व घोषित अपने कार्यक्रम के तहत ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में नगर महिला कांग्रेस संगठन की ओर से प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन - पत्र क्षेत्रीय अनुविभागीय दंडाधिकारी (एसडीएम) को उपस्थित तहसील दार के माध्यम से प्रेषित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल वाल्मिक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमल राय की विशेष उपस्थिति में नगर महिला कांग्रेस कमेटी की सैंकड़ों महिलाओं ने यहाँ पहुंच कर बैठक आयोजित करने के बाद तहसील कार्यालय तक विशाल रैली का आयोजन किया। इस दौरान कमल राय ने कहा, कि प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार एवं केंद्र में बैठी नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार के संरक्षण में अयोध्या के श्री राम मंदिर में करोड़ों रुपए की हुई चोरी और मध्य प्रदेश के उज्जैन में हुए चर्चित भूमि घोटाले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच कार्यवाही करने की जोरदार ढंग से मांग उठाई गई। इन मुद्दों को लेकर नगर महिला कांग्रेस संगठन से जुड़ी तमाम महिलाओं ने प्रदेश और केंद्र सरकार की मनमानी को लेकर कड़ा विरोध जताते हुए जमकर आक्रोश व्यक्त किया। राम मंदिर में चंदा चोरी के खिलाफ नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष सावित्री वर्मा के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम तहसीलदार राम सुयवशी को ज्ञापन सौंपा गया। समन्वयक बसंत मालवीय, गोविंद बिजौलिया, वीर बहादुर सिंह, गगन खंडूजा, उत्कर्ष वाल्मीकि, देवीराम विश्वकर्मा, अलाउद्दीन खान, अंजली श्रीवास्तव, सावित्री वर्मा, मंजू सोनी, फैमुनिशा, प्रभा पाल, सुनिता यादव, रीना बावरिया, वंदना वर्मा, भावना साहू, सीमा रावतेल, इरफान खान, मनीष बैन, प्रतिभा सोनी, ब्रजकुमारी सरेआम, प्रीति सोनी, मालती कहार, सुरेन्द्र झाड़े, उमेश हिवसे, राजा राय, अजहर खान, सैफ खान, आनन्द बेलवंशी, विक्रम मरकाम, मोंटी खान, स्वप्निल करानिया, राजा दुबे, अखलाक खान, अशोक डेहरिया, संतोष वर्मा, तबस्सुम ख़ान, उर्मिला साहू, दुर्गा भारती, पाति कुमरे, रेखा बानवंशी, कृष्णा धुर्वे, किरन कोलारे, राजकुमारी चौहान, नजमुन्नीशा, शकिला ख़ान, राधा विश्वकर्मा साहित काँग्रेस परिवार के सभी सदस्य उपस्तिथ रहे।

# सिलसिला-ए-युसुफिया ताजिया में खिलाफत व दस्तारबंदी का हुआ आयोजन



सिंगोड़ी:- मोहर्रम के पावन अवसर पर सिंगोड़ी में सिलसिला-ए-युसुफिया ताजिया की जानिब से खिलाफत व दस्तारबंदी का रूहानी प्रोग्राम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में खानकाह-ए-युसुफिया के जेरे सरपरस्ती में हजरत नवाज अहमद अली यूसुफी, ताजी साहब नागपुर महाराष्ट्र व हजरत अब्दुल रऊफ चिश्ती,बन्दा नवाजी साहब,गुलबर्ग कर्नाटक और सिंगोड़ी की अवाम की मौजूदगी में सूफी इबरार अहमद रजवी, शरीफी, बन्दानवाजी, यूसुफी, ताजी ग्राम सिंगोड़ी, जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)की दस्तारबंदी की गई। उन्हें खिलाफत से नवाजा गया और सिलसिले की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस दौरान इस्लामी तालीम, भाईचारे और अमन का पैगाम दिया गया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों ने शिरकत की। इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद करते हुए मोहर्रम के पैगाम-ए-इंसानियत को आम करने का अहद किया। मजलिस के पहले लंगर का एहतमाम किया गया। सभी हजरात ने मिल-जुलकर मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी।इस अवसर पर, सदर अंजुमन कमेटी साहीद अंसारी,पुर्व सदर इलमन मिस्कीनी, पुर्व सदर आहाद मिस्किनी,वहीद मिस्किनी, अब्दुल समद मिस्किनी,अजीम साबरी, रफीक बाबा जबलपुर, कुद्दुश बाबा,अनीश बाबा,कलीम बाबा, सहित ग्राम के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# लक्ष्य एवं निशिकेत बने राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल (रेफरी)



जुन्नारदेव। मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन द्वारा भोपाल स्थित शारदा विहार आवासीय विद्यालय में 26 से 28 जून तक आयोजित राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल सेमिनार एवं वार्षिक बैठक में जुन्नारदेव के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। जिला थांगता स्पोर्ट्स एसोसिएशन, छिंदवाड़ा की ओर से अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं नेशनल रेफरी/स्कोरर योगेश रुखमांगद, सीनियर खिलाड़ी लक्ष्य विश्वकर्मा एवं निशिकेत सल्लाम ने सेमिनार में सहभागिता की।सेमिनार के दौरान लक्ष्य विश्वकर्मा एवं निशिकेत सल्लाम ने राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल प्रशिक्षण एवं मूल्यांकन सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अधिकृत राज्य स्तरीय टेक्निकल ऑफिशियल (रेफरी) का दर्जा प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन ने दोनों को प्रमाण-पत्र एवं अधिकृत टेक्निकल ऑफिशियल यूनिफॉर्म प्रदान कर सम्मानित किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के लगभग 25 जिलों से 40 सचिव, कोच एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को खेल के नवीन तकनीकी नियमों, रेफरी, जजिंग एवं स्कोरिंग प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य में तकनीकी अधिकारियों की गुणवत्ता बढ़ाना तथा आगामी राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, एसजीएफआई, विश्वविद्यालय एवं खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के लिए उन्हें तैयार करना था। इस उपलब्धि पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष मितेश जायसवाल, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुरोध शर्मा, आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष निलेश शुक्ला, समाजसेवी नितिन राजोरिया एवं अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डर योगेश राठौर सहित खेल प्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि इस सफलता से जिले के युवा थांगता खेल की ओर अधिक आकर्षित होंगे और भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करेंगे।

# अस्पताल पहुंचकर मरीजों, डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को किया जागरूक

## 1930 हेल्पलाइन और एनसीआरपी पोर्टल की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी की घटनाओं के बीच थाना जुन्नारदेव ने लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया।

कार्यक्रम के दौरान साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से संबंधित बैनर एवं स्टैंडी स्थापित कर मरीजों, उनके परिजनों, डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल कर्मचारियों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रेस वार्ता एवं मीडिया ब्रीफिंग भी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में निरीक्षक जे. मसराम, उप निरीक्षक पूनम उईके एवं प्रधान आरक्षक दिलीप उपाध्याय ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि ठग मोबाइल पर ओटीपी पूछकर, डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर, फर्जी बैंक अधिकारी बनकर, मोबाइल हैकिंग, फर्जी लिंक भेजकर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर आर्थिक नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे मामलों में थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़ी ठगी का कारण बन सकती है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपना ओटीपी, बैंक खाता नंबर, एटीएम पिन, सीवीवी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी भी स्थिति में साझा न करें। किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अनजान मोबाइल एप डाउनलोड करने से भी बचें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए तो बिना समय गंवाए तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर कॉल करें व पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें, जिससे समय रहते कार्रवाई कर राशि वापस दिलाने का प्रयास किया जा सके।

अस्पताल में उपचार के लिए आए लोगों ने भी कार्यक्रम में रुचि दिखाई और साइबर सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल भाषा में समाधान किया। पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें और अपने परिवार तथा परिचितों को भी साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करें।

ऑफलाइन आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 55 लोगों ने भाग लिया। थाना जुन्नारदेव द्वारा चलाया गया यह जागरूकता अभियान लोगों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में देवदूत बनकर आई जयश्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आपने सुना होगा कि रक्तदान महादान होता है यह कहावत तब सफल होती है जब किसी व्यक्ति के जीवन मरण का सवाल होता है और उसके आपरेशन के लिए रक्त की आवश्यकता होती है और वह भी नेगेटिव ग्रुप की।ऐसा ही मानव सेवा का उदाहरण देखने को मिला मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिला चिकित्सालय में।जहां जबलपुर निवासी श्रीमती रेखा उसरेटे चेस्ट में हुई गठान के ऑपरेशन के लिए तीन दिनों से भर्ती थी ओर सभी जांचे भी की गई लेकिन रक्त जांच में पता चला कि रक्त मात्र 6 प्रतिशत ही है और ऑपरेशन के पूर्व 3 यूनिट ए नेगेटिव रक्त की आवश्यकता होगी।रेखा उसरेटे के पिता मंजू श्रीवास से सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन से मदद मांगी। दीपक राज जैन ने स्वच्छता चैंपियंस समाज सेविका अलका नीरज शुक्ला से ए नेगेटिव रक्त की आवश्यकता बताई।

# खजरी आश्रम, गुरुकुल, लिंगा आश्रम और समिति गौरव सम्मान से सम्मानित हुए साहू



छिंदवाड़ा। श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोन्नन्ति सभा द्वारा संचालित संत श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया है। गत दिवस मीडिया संगठन मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिले सहित प्रदेश भर की समाज सेवी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था या व्यक्ति को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खजरीं आश्रम ,गुरुकुल ,गौशाला ,लिंगा आश्रम एवं श्री योग वेदांत सेवा समिति के मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता भगवानदीन साहू को प्रदान किया। यह सम्मान पूज्य बापूजी की संस्था द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी सेवाकार्यों को मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने के एवज में प्रदान किया गया। गौशाला द्वारा 850 गायों का लालन पालन करना , खजरीं आश्रम में आमजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए जैविक खेती के उत्पाद तैयार करना , गुरुकुल में आधुनिक शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा प्रदान करना इस वजह से देश के 24 राज्यों के बच्चों का अध्ययनरत होना, लिंगा आश्रम देशभर की महिला बहनों के लिए आध्यात्मिक अनुष्ठान , प्रतिमाह भंडारे ,जिला जेल में सत्संग ,स्वास्थ्य शिविर के लिए ख्याति प्राप्त और श्री योग वेदांत सेवा समिति की वर्ष भर जारी लोकहित की सेवाएं शामिल हैं।

## महाप्रसादी के साथ हुआ त्रिदिवसीय अनुष्ठान का समापन

# वारासिवनी में माँ शारदा भवानी माता मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी**। नगर के वार्ड नंबर 02, सम्राट नगर अंजली फोटो स्टूडियो के पीछे में नवनिर्मित माँ शारदा भवानी माता मंदिर का भव्य त्रिदिवसीय वैदिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और धार्मिक वातावरण में संपन्न हो गया। इस धार्मिक महाअनुष्ठान के अंतिम दिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस त्रिदिवसीय अनुष्ठान के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा, गणेश आह्वान पूजन, पीठ पूजा, नगर भ्रमण और जलाधिवास जैसी महत्वपूर्ण वैदिक प्रक्रियाओं के साथ हुई। विद्वान आचार्यों द्वारा माता जी की प्रतिमा को विभिन्न अधिवासों अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास व श्याधिवास में रखकर शुद्ध वैदिक रीति से महाअभिषेक व हवन-पूजन संपन्न कराया गया। अंतिम दिन के मुख्य दिवस पर वारासिवनी विधायक विवेक विक्की पटेल, कटंगी विधायक गौरव पारधी, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पार्षद मोनू लिमजे, पार्षद मदन धार्मिक, पूर्व पार्षद विवेक एड़े व मनोज दांदरे सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने विशेष रूप से शिरकत की। सभी अतिथियों ने मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा-अर्चन की और महा हवन में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात अतिथियों ने महाप्रसादी (भंडारा) ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया में आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई और शाम से देर रात तक विशाल भंडारे (महाप्रसादी) का वितरण हुआ।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद मदन धार्मिक ने बताया कि वार्ड की जनता, व्यापारियों, पत्रकारों और सभी दलों के सहयोग से यह भव्य मंदिर आकार ले पाया है। इस कार्य का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी में धर्म, संस्कृति और आस्था को जगाना है। इस पावन अवसर पर नगर पालिका परिषद वारासिवनी की ओर से मंदिर परिसर को एक शानदार हाई मास्क की सौगात दी गई।

# 'एक पेड़ बुजुर्गों के नाम' अभियान के तहत मुस्लिम समाज द्वारा वृहद वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल के निर्देश पर जामा मस्जिद कमेटी वारासिवनी के तत्वाधान में स्थानीय ईदगाह एवं कब्रिस्तान में लगभग 100 फलदार और छायादार पौधे रविवार को रोपे गए।

इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में सदर इकबाल खान, हाफिज नजीर कादरी, मौज्जन इकरार रजा, हाजी अब्दुल रहमान, हाजी एजाज कुरैशी, मोहम्मद ताहिर हुसैन, नसीम खान, हाजी फरहान, तौसीफ कुरैशी, अरमान खान, जाहिद हुसैन एडवोकेट, साजिद अंसारी, आबिद खान, मतीन मंसूरी, माजिद खान, जाहिद हुसैन मास्टर साहब, शमी कुरैशी, शेरा भाई, राजा भाई सहित बड़ी संख्या में समाज के बुजुर्ग और युवा उपस्थित रहे। इस मौके पर सदर इकबाल खान ने बताया कि वक्फ बोर्ड के इस अभियान से शहर में हरियाली फैलेगी।हम पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचा सकेंगे। समाज के लोगों की भारी मौजूदगी पर बेहद खुशी है। सभी अपने बुजुर्गों की याद में लगे पौधों की हिफाजत करें।

समी कुरैशी ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण के इस दौर में पेड़ ही हमारी सबसे बड़ी ढाल हैं। हमारा फर्ज है कि पौधों को लगाएं भी और उनकी हिफाजत भी करें।समाज के युवा पर्यावरण को बचाने के लिए आगे आएं। हर घर और हर मोहल्ले में पौधारोपण कर सक्रिय भूमिका निभाएं। एडवोकेट जाहिद हुसैन ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हमारा मुख्य संवैधानिक कर्तव्य है। पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। इस्लाम में भी दरख्त (पेड़) लगाने को बड़ी नेकी माना गया है।केवल पौधा लगाना मकसद न हो, इसकी साप्ताहिक निगरानी भी करे।

# आकाशीय बिजली गिरने से 4 मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव में सोमवार को प्रकृति का कहर देखने को मिला। दोपहर करीब ढ़ाई बजे आकाशीय बिजली गिरने से घर के बाहर बंधी 4 पालतू मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। ये सभी मवेशी गांव के ही होमेन्द्र पटले के हैं। एक साथ 4 मवेशियों की मौत से पशु पालक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और लाखों रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार 29 जून की दोपहर 02 बजे के बाद क्षेत्र में तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई थी। होमेन्द्र पटले के घर के बाहर पालतू मवेशी बंधे हुए थे करीब ढाई बजे अचानक तेज गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली सीधे मवेशियों के पास में आकर गिरी। बिजली का झटका इतना तेज था कि 4 मवेशियों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के वक्त परिवार के सदस्य घर के अंदर थे, जिससे जनहानि टल गई। तेज आवाज सुनकर जब परिजन बाहर निकले तो मवेशियों को मृत पड़ा देख उनके होश उड़ गए। जबकि कुछ मवेशी पूरी तरह से सुरक्षित बच गए है। घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने हल्का पटवारी को सूचना दी। गौरतलब है कि मानसून के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विशेषज्ञों की सलाह है कि खराब मौसम में खुले में, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभों के पास न रहें और मवेशियों को भी सुरक्षित स्थान पर बांधें।

# दो दिवसीय आरएएमपी कार्यशाला 1 एवं 2 जुलाई को

**बालाघाट**। जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त एवं प्रतिस्पर्धी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय की आरएएमपी (RAMP) योजना के अंतर्गत 1 एवं 2 जुलाई 2026 को बालाघाट में दो दिवसीय कंपोजिट कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला प्रेमनगर स्थित होटल मलिकार्जुन में आयोजित होगी, जिसमें जिले के उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, उत्पादक समूहों तथा एफपीओ को विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी।

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जिले के उद्यमियों एवं नव उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को व्यवसाय विकास, औपचारिककरण तथा विपणन से संबंधित नवीन अवसरों से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में उद्यमी, स्वयं सहायता समूह (SHG), उत्पादक समूह, किसान उत्पादक संगठन (FPO), निर्यातोन्मुख इकाइयां तथा ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) से जुड़े एमएसएमई भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में प्रतिभागियों को उद्यम पंजीयन, जेडईडी (Zero Defect Zero Effect) प्रमाणन, वित्तीय साक्षरता, स्वयं सहायता समूहों का एमएसएमई के रूप में औपचारिककरण, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) तथा ओएनडीसी (ONDC) ऑनबोर्डिंग की प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल विपणन, सरकारी खरीद में भागीदारी तथा ऑनलाइन व्यापार के नए अवसरों पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने जिले के सभी पात्र उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ एवं ओडीओपी से जुड़े हितग्राहियों से अपील की है कि वे इस कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

# शासकीय चिकित्सालय में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



नगर के शासकीय चिकित्सालय में 28 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विधायक विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, बीएमओ डॉ. सत्यम शर्मा की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड वारासिवनी में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 15784 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया हैं। इसमें अभिभावक अपने बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाने सुबह से लाइन लगा कर अपनी बारी का इंतजार करते रहे, जो दवा पिलाने के बाद वापस अपने घर लौटे। अभियान के तहत व्यापक स्तर पर अस्पताल द्वारा तैयारी कर समस्त बच्चों को दो बूंद पल्स पोलियो पिलाने का कार्य किया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ. सत्यम शर्मा, श्रीमती उर्मिला बघेले, प्रकाश डोंगरे, श्रीमती खिमोती जवेंले, श्रीमती गीता बिसेन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।बच्चों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियों अभियान संचालित किया जा रहा-डॉ. सत्यम शर्माखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यम शर्मा ने बताया कि पोलियों जैसी गंभीर एवं विकलांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। यह 30 जून तक स्वास्थ्य विभाग की टीमों के द्वारा घर घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान के दौरान विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र बच्चा पोलियों की दवा से वंचित ना रहे। पोलियों उन्मूलन की सफलता जनसहभागिता पर निर्भर करती है, इसलिए प्रत्येक अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की खुराक अवश्य दिलाएं।

# खाद के दामों में बढ़ोतरी के खिलाफ- 'किसान गर्जना' का शुक्रवार को हल्ला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



खाद, बीज और डीजल के लगातार बढ़ते दामों से परेशान किसानों की सुध लेते हुए अब किसान गर्जना संगठन ने अब आंदोलन का रास्ता चुना है। 'किसान गर्जना संगठन' ने खाद की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ 3 जुलाई शुक्रवार को कटंगी नगर में विशाल पैदल मार्च निकालने की चेतावनी दी है। संगठन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल राहत की मांग करेगा। सोमवार दोपहर 2 बजे कटंगी के विश्रामगृह में किसान गर्जना संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले एक साल में डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद के दाम 30 से 40 फीसदी तक बढ़ गए हैं। यूरिया की कालाबाजारी अलग से हो रही है। लागत बढ़ रही है, लेकिन धान, गेहूं का समर्थन मूल्य उस अनुपात में नहीं बढ़ रहा। किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। सरकार को तत्काल खाद पर सब्सिडी बढ़ानी चाहिए और कालाबाजारी रोकनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि 3 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 3 बजे बस स्टैंड, कटंगी से पैदल मार्च शुरू होगा जो मुख्य मार्ग होते हुए मार्च एसडीएम कार्यालय पहुंचेगा। जहां एसडीएम कटंगी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय किसानों से बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन अब सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में नाकाम है। खाद महंगी, बिजली महंगी, डीजल महंगा। किसान क्या खाएगा और क्या बोएगा। संगठन का दावा है कि मार्च में कटंगी तहसील के गांवों से किसान शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### परीक्षा कक्ष का किया निरीक्षण

लखनादौन। शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय लखनादौन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षाए चल इस दौरान नवागत मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी द्वारा निरीक्षण किया गया एवं परीक्षा उपरांत छात्रों ने ब्लाक समन्वयक की उपस्थिति में नवागत जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी का स्वागत किया एवं परिचयात्मक बैठक की,डीसी द्वारा छात्रों से कैरियर गाइडेंस पर चर्चा करते हुए,छात्रों से एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज के लिए अपनी उत्कृष्ट सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जोर दिया,साथ ही वर्तमान में मप्र शासन द्वारा प्रचलित जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाए भरसक प्रयास जारी रखने की बात कही।

### छपारा कलां के पास हुआ सड़क हादसे में एक गंभीर जिला चिकित्सालय रेफर

**हरिभूमि न्यूज छपारा**- नगर से दो किलोमीटर दूर एन एच 44 फोरलेन सड़क के ग्राम छपारा कलां के पास 27 जून दिन शनिवार को रात्रि लगभग 7:30 बजे दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं दूसरी बाइक सवार मौके से फरार हो गए इस सड़क दुर्घटना में ग्राम देवरी कला निवासी चिंटू यादव पिता तीरथ यादव 25 वर्ष बुरी तरह घायल हो गया जिसे घटनास्थल पर उपस्थित जनों के द्वारा 112 एवं एन एच आई एंबुलेंस 1033 की सहायता से छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया घायल को सिर और पैर में गंभीर चोटें आईं वहीं गंभीर स्थिति के चलते घायल युवक को छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से जिला चिकित्सालय सिवनी रेफर कर दिया गया किन्तु 108 में एंबुलेंस सेवा के लिए काल किया गया तो बताया कि एक घंटे तक प्रतिक्षा के बाद 108 एंबुलेंस वाहन सुविधा मिल पाएगी स्थिति को देखते हुए घायल युवक के ग्रामीणों एवं परिवार द्वारा उसे कमांडर वाहन से लेकर जाया गया

### अकाशीय बिजली से विनीता बाई की मृत्यु

**हरिभूमि न्यूज केवलारी** - दिनांक 27जून को शाम 4 बजे के करीब आकाशीय बिजली के गिरने से खेत मे काम कर रही श्री मति विनीता पति भंगीलाल भरापेलिया जाति मरार उम्र 42 वर्ष की मौत हो गयी। राजेंद्र चौधरी एएसआई से मिली जानकारी के अनुसार 27 जून को ग्राम अहरवाड़ा निवासी भंगी मरार की पत्नी निजी खेत मे मक्का टोभ रही थी,तभी आकाशीय बिजली गिरने से मोत हो गयी थी। परिवार जनो के द्वारा सिविल हॉस्पिटल लाया गया था। आज सुबह पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिवार जनो को सौप दिया गया जो कि अहरबाडा मे अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# एक माह में चौथी चोरी से ग्रामीणों में दहशत, रात्रि गश्त बढ़ाने और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**बाघराज : लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग नागपुर रोड स्थित ग्राम बाघराज में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी कर ली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित फिरोज खान पिता सुल्तान अहमद ने बताया कि स्कूल खुलने के कारण वे बच्चों के लिए ड्रेस और पुस्तकें खरीदने सिवनी गए थे तथा वहीं रुक गए। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और गोदरेज की अलमारी का लॉकर तोड़ दिया। पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। घर पहुंचकर देखा तो लगभग 5 तोला सोने के जेवर, 500 ग्राम चांदी और करीब 2.50 लाख रुपये नकद गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही पीड़ित ने लखनवाड़ा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी सी.के. सिरामे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक साइबर टीम की भी सहायता ली जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले एक माह के भीतर बाघराज में यह चौथी चोरी की घटना है। लगातार हो रही वारदातों से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने तथा चोरों को शीघ्र गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग की है।

# पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ, 192 बूथों पर 15 हजार बच्चों को पिलाई जाएगी दवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ रविवार, 28 जून 2026 को सिविल अस्पताल केवलारी में किया गया। अभियान का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष अनूप बघेल, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. लाकरा तथा संगणक श्रीमती दीपमाला श्रीवास्तव की उपस्थिति में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाकर किया गया। इस अवसर पर यसमीन भलावी (3 वर्ष), तानीशा जंघेला (2 वर्ष), अनवी जंघेला (3 वर्ष), गौरांशी जंघेला (2 वर्ष), हमदान खान (2 वर्ष) एवं तैमूर ख्वाजा शेख (5 वर्ष) सहित बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. के. लाकरा ने बताया कि विकासखंड केवलारी के 182 गांवों में 192 पोलियो बूथ बनाए गए हैं तथा लगभग 15 हजार बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, दूसरे दिन स्वास्थ्य दल घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाएंगे तथा तीसरे दिन छूटे हुए बच्चों को कवर किया जाएगा। नगर केवलारी में 8 पोलियो केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सिविल अस्पताल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, लोधी मोहल्ला, ब्लॉक कॉलोनी, तिगरा मोहल्ला, खेरमाई मोहल्ला तथा बिनैकी केंद्र शामिल हैं, जहां स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं, ताकि क्षेत्र को पूर्णतः पोलियो मुक्त बनाया जा सके।

# कृष्णा पाटर बने प्रजापति समाज अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



प्रजापति(कुम्हार) समाज भारत की सबसे प्राचीन और गौरवशाली शिल्पी जातियों में से एक है। यह समुदाय अपनी पारंपरिक शिल्प कला, मिट्टी के बर्तन और मूर्तियों के निर्माण के लिए सदियों से जाना जाता है।आधुनिक समय में, धातु के बर्तनों के प्रचलन के कारण इस समुदाय के कई लोग खेती या अन्य व्यवसायों की ओर बढ़े हैं। हालांकि, अधिकांश शिल्पी आज भी पारंपरिक कला को जीवित रखे हुए हैं और सजावटी सामान, गमले, कुल्हड़ और त्यौहारों की मूर्तियां ईंट भट्टा बनाकर अपनी आजीविका चला रहे है।

सिवनी जिला में भी बड़ी संख्या में कुम्हार (प्रजापति) समाज निवासरत है सिवनी कान्हीवाडा ,बंडोल,बखारी,सुनवारा, भीमगढ कालोनी छपारा डांगावानी आदेगांव से लेकर छोटे बड़े गांव कस्बे में कुम्हार समाज का अच्छा वर्चस्व है सभी जगह मजबूत संगठन है छपारा नगर में भी बड़ी संख्या में कुम्हार प्रजापति समाज का वर्चस्व है पिछले कुछ सालों से समाजिक पालियों के चक्कर में समाज बिखरा हुआ था नगर में प्रजापति समाज के युवा पीढ़ी द्वारा समाज को एक जुट करने कदम बढ़ाया रविवार को कुम्हारी वार्ड स्थित प्राचीन सिद्ध पंचदेव मंदिर में कुम्हार समाज के वरिष्ठ एवं युवाओं की बैठक की गयी जिसमें सर्वसम्मति से कृष्णा पाटर पिता नेवालाल पाटर का नाम अध्यक्ष पद हेतु महेश पाटर पिता मुन्नु लाल पाटर के द्वारा प्रस्तावित किया गया जिसमें उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं द्वारा सहमति प्रदान कर निर्विरोध मनोनीत किया गया, उपाध्यक्ष पद के लिए छिद्दी पाटर पिता प्रेमी लाल पाटर,सचिव पद मनोज पाटर पिता रामप्रसाद पाटर, कोषाध्यक्ष पद मनोज बरदिया पिता चिरोंजी लाल बरदिया एवं कार्यकारी सदस्यों में जानकी बेंदे पिता रूपचन्द बेंदे,पूरन पिता चूरामन पाटर, इसके साथ ही कार्यकारिणी के युवा सदस्यों में महेश पाटर पिता मुन्नुलाल पाटर, मोहन पाटर पिता छोटेलाल पाटर, राजेश पिता बाबूलाल पाटर,वसंत बरदिया पिता चिरोंजी लाल बरदिया, मोहन पाटर पिता टेकचंद पाटर, यशवंत बेंदे पिता बसंत बेंदे,बसंत पाटर पिता रामप्रसाद पाटर, गजेन्द्र (गज्जु)बेंदे पिता सुभाष बेंदे, अरविन्द पाटर पिता रमेश पाटर,संजय पाटर पिता रामप्रसाद पाटर, अम्बर पाटर पिता प्रकाश पाटर को सर्वसम्मति से चुना गया।

# शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर बरघाट ने पायी स्वर्णिम सफलता

बरघाट- सिको काई इंटरनेशनल मध्य प्रदेश सेज यूनिवर्सिटी भोपाल द्वारा 27–28 जून को भोपाल में आयोजित (ओपन ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट) में शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर, बरघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। भव्य मर्सकोले ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए (स्वर्ण पदक) अपने नाम किया, वहीं पूनम चौधरी ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सेंटर एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।





इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षक शौर्य कराटे ट्रेनिंग सेंटर, बरघाट के संचालक एवं जिला कराटे संघ के प्रशिक्षक सेंसेई संस्कार पटले हैं। यह दल जिला कराटे संघ के सचिव शिहान ओमकार कश्यप के नेतृत्व एवं सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता में शामिल हुआ। सेंसेई संस्कार पटले ने बताया कि मात्र 7 वर्ष की आयु में भव्य मर्सकोले ने अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास तथा अपने प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन के बल पर यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। इतनी कम उम्र में (ओपन ऑल इंडिया कराटे टूर्नामेंट) में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपने परिवार, बरघाट क्षेत्र, सिवनी जिले एवं मध्य प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है तथा कराटे जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि भव्य इसी समर्पण, मेहनत और अनुशासन के साथ आगे भी अभ्यास करता रहा, तो वह आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम भी रोशन करेगा।

# सेवानिवृत्त हो रहे 50 शिक्षकों का सम्मान, शिक्षक समिति ने दी शुभकामनाएं

सिवनी। 30 जून 2026 को राज्य शासन के शालेय शिक्षा विभाग से शिक्षकीय दायित्व का निर्वहन करते हुए अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शिक्षा जगत को समर्पित करने वाले 50 शिक्षक शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी ने इन राष्ट्र निर्माता कर्मयोगी आचार्यों (गुरुओं) के स्वर्णिम शासकीय विश्राम के पुनीत अवसर पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया। समिति द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के सुखी, समृद्ध, स्वस्थ एवं यशस्वी दीर्घ जीवन की मंगलकामनाएं की गईं। जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संबंधित शिक्षकों की पदस्थ शालाओं में पहुंचकर उनका सम्मान किया तथा सम्मान पत्र एवं स्मृति मंजूषा भेंट कर उनके शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को नमन किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं। उनके ज्ञान, संस्कार और समर्पण से अनेक पीढ़ियों का भविष्य संवरता है। शासकीय सेवा से विश्राम लेने के बाद भी उनका अनुभव एवं मार्गदर्शन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।



जिला शिक्षक कल्याण सहकारी समिति सिवनी ने सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल, स्वस्थ एवं आनंदमय जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**मौसम ने बदली करवट** आकाशीय बिजली बनी युवक का काल चपेट में आते ही हुई मौत

# घर के आंगन में आकाशीय बिजली बनी काल नांदी में 35 वर्षीय युवक की मौत, बरघाट क्षेत्र में कई पंचायतों में कहर

## बारिश के बीच गिरी बिजली, ग्रामीणों में दहशत; सुरक्षा इंतजामों पर उठे गंभीर सवाल

**राकेश अगरवार हरीभूमि बरघाट _ बारिश का मौसम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में अकस्मात बिजली गिरे जाने की घटनाएं आम बात होती है क्योंकि पहले से कोई भी पुख्ता इंतजाम नही किए जाते है आला अधिकारीयो के द्वारा बरघाट विकासखंड में सोमवार 29 जून 2026 को हुई तेज बारिश और गरज-चमक के बीच आकाशीय बिजली ने कहर बरपा दिया।**

सबसे दर्दनाक घटना ग्राम नांदी में सामने आई, जहां घर के पास आकाशीय बिजली गिरने से धर्मेंद्र (सोनू) बरमैया, पिता सेलदास बरमैया, उम्र लगभग 35 वर्ष, की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज बारिश के दौरान अचानक जोरदार गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिसकी चपेट में धर्मेंद्र बरमैया आ गए। घटना इतनी अचानक हुई कि उन्हें बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। सूचना मिलते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए।

### बरघाट की कई ग्राम पंचायतों में बिजली का कहर

स्थानीय लोगों के अनुसार सोमवार को बरघाट विकासखंड की कई ग्राम पंचायतों में जैसे नांदी धारना कलां लालपुर ग्राम में भी आकाशीय बिजली गिरने की घटनाएं सामने आईं। हालांकि अन्य स्थानों पर जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार बिजली चपेट में आने से घरों का नुकसान भी हुआ है आय दिन हो रही घटनाओं ने ग्रामीणों में भय का माहौल बना दिया है।

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

लगातार हो रही आकाशीय बिजली की घटनाओं के बाद ग्रामीणों का कहना है कि गांवों में बिजली से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। कई स्थानों पर लाइटनिंग अरेस्टर (Lightning Arrester) जैसी सुरक्षा व्यवस्था का अभाव बताया जा रहा है। लोगों का कहना है कि समय रहते प्रभावी उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा संवेदनशील क्षेत्रों में आकाशीय बिजली से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय और जन जागरूकता अभियान चलाए जाएं जिससे आम जनों की जान माल की सुरक्षा की जा सके

### 30 जून की मध्यरात्रि से जिले में रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध

मानसून के दौरान पर्यावरण संरक्षण, नदी-नालों के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखने तथा जैव विविधता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर नेहा मीना ने जिले में रेत उत्खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार 30 जून की मध्यरात्रि से 1 अक्टूबर 2026 तक जिले की सभी वैध रेत खदानों, नदियों एवं नालों से रेत का उत्खनन, परिवहन और भंडारण नियमानुसार प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने खनिज, राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर लगातार निगरानी रखी जाए।

# घटिया निर्माण और ठेकेदारी प्रथा पर उठे सवाल, स्टॉप डैम निर्माण में अनियमितताओं के आरोप

**अरी/कुरई। जनपद पंचायत बरघाट एवं कुरई में अधिकारियों की कथित मिलीभगत और उदासीनता के चलते पंचायत स्तर पर कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठ रहे हैं।**



क्षेत्र में स्टॉप डैम, स्नान घाट, सुदूर संपर्क सड़क, खेल मैदान एवं श्मशान घाट समतलीकरण जैसे कार्यों में ठेकेदारों के हस्तक्षेप और अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही हैं। पंचायत प्रतिनिधियों एवं सचिवों द्वारा कई बार इस संबंध में आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

हाल ही में जनपद पंचायत कुरई अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडापार के ग्राम दलाल और डूंगरिया के बीच बहने वाले नाले पर एक स्टॉप डैम का निर्माण कार्य कराया गया है, जो लगभग पूर्ण हो चुका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है तथा स्वीकृत एस्टीमेट के अनुरूप कार्य नहीं किया गया। आरोप है कि डैम की ऊंचाई निर्धारित मापदंड से लगभग एक मीटर कम रखी गई है तथा सीमेंट और रेत की मात्रा में कटौती कर निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया गया है।

ग्राम पंचायत मुंडापार के सरपंच अनिल उइके ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य अशरफ खान द्वारा कराया जा रहा है और कार्य हाल ही में पूरा हुआ है। वहीं पंचायत सचिव संतोष मर्सकोले ने बताया कि संबंधित कार्य की फाइल अशरफ खान के पास है। उन्होंने कहा कि कार्य की लागत और अन्य विवरण फाइल देखने के बाद ही बता पाएंगे। सचिव ने यह भी बताया कि पत्नी की अस्वस्थता के कारण वे निर्माण स्थल का नियमित निरीक्षण नहीं कर सके और अब कार्य का अवलोकन करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि अशरफ खान द्वारा पूर्व में झालागोंदी पंचायत में भी एक स्टॉप डैम का निर्माण कराया गया था, जो पहली ही बरसात में क्षतिग्रस्त हो गया था। इसे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न के रूप

# साहू समाज के विस्तार की जिम्मेदारी, सिवनी को मिला राष्ट्रीय नेतृत्व का भरोसा

### समाजसेवा और समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य के लिए साहू समाज के जिला अध्यक्ष राजेश साहू बरघाट को राजधानी भोपाल में किया गया सम्मानित

हरीभूमि _ सच्चे ह्दय से हमेशा परोपकार की भावना से किया गया हर कार्य हमेशा मनाव समाज को प्रगतिशीलता प्रदान करता है।सामाजिक समरसता के रास्ते हमेशा नेकदिल इंसान को जीवन में अनुकूल ही परिणाम देते हैं।





भोपाल में समाज सेवा के उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित हुए सिवनी साहू समाज के जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में मिला सम्मान, सिवनी में राष्ट्रीय सम्मेलन कराने पर हुई चर्चा,राजधानी भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह में सिवनी जिले का गौरव बढ़ाने वाला पल देखने को मिला। समाज के विकास और संगठन को मजबूत बनाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए साहू समाज सिवनी के जिला अध्यक्ष को राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम भोपाल के संस्कार मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय तेली साहू महा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरारी लाल गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जल्द ही सिवनी में संगठन के विस्तार पर विशेष जोर

बैठक में सिवनी जिले में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के विस्तार को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। संगठन को गांव-गांव और प्रत्येक समाजजन तक पहुंचाने के लिए नई रणनीति बनाई गई। इस कार्य में किए गए योगदान की सराहना करते हुए जिला अध्यक्ष का सम्मान किया गया।

### सिवनी में होगी राष्ट्रीय स्तर की बैठक

बैठक के दौरान आगामी समय में राष्ट्रीय स्तर की एक महत्वपूर्ण बैठक सिवनी जिले में आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही सिवनी में जल्द ही जिला स्तरीय बैठक, परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दिया सहयोग का भरोसा

राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारियों ने सिवनी जिले में होने वाले सामाजिक आयोजनों को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज को संगठित कर शिक्षा, सामाजिक विकास, युवाओं की भागीदारी और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

### निरंतर समाज हित में कार्य करने वालों का बढ़ा सम्मान

सम्मान प्राप्त करने के बाद जिला अध्यक्ष राजेश साहू बरघाट ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि पूरे सिवनी जिले के साहू समाज का सम्मान है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साथ लेकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाजहित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। सभी से एकरूपता के साथ मिलकर समाज हित में कार्य करने की प्रेरणा दी गई जिससे समाज और सामाजिक लोग प्रगतिशील होकर देश हित की समाज हित की रक्षा कर सके।

सेक्ट कम्प्यूटर एकेडमी
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र. शासन) से सम्बद्ध
शासकीय नौकरियों के लिए एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा अनिवार्य
कोर्स फीस किस्तों में भुगतान की सुविधा
DCA 1 वर्षीय डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
PGDCA 1 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा 2 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
BCA 3 वर्षीय स्नातक डिग्री 6 सेमेस्टर योग्यता 12 वी (किसी भी विषय में)
M.SC. (CS) 2 वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री 4 सेमेस्टर योग्यता स्नातक (किसी भी विषय में)
LEARN GREAT SKILLS FOR A BETTER CAREER
प्रवेश प्रारंभ
C++ I JAVA | PYTHON / AD-EXCEL | FULL- STACK
एस.पी. बंगलो रोड, बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) संपर्क: 9183500282, 9183505478, 8821090909, 9993465882

प्रवेश प्रारंभ डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय
College Code – P554 बारापत्थर, सिवनी (म.प्र.) NAAC Accredited
पाठ्यक्रम
B.Sc., B.Com., B.A., M.Sc. (Phy, Chem, Maths), M.Com, B.Ed., D.El.Ed., G.N.M.
नोट
Major, Minor, Vocstion, MDC पर कैरियर गाइडेंस
संपर्क 07692.226635, 9479887990, 9098355136, 9752264388, 8770294939, 7746838590

राधिका टाउन फेस 2
बुकिंग प्रारंभ प्लाट उपलब्ध
ओपनिंग दिनांक 16 जून 2026
80% फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
ज्यारत नाका जिला-सिवनी
9407055151, 9183655151

### सीएमओ, अध्यक्ष और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप- जनता परेशान, जिम्मेदार बेखबर, समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

# लांजी नगर परिषद में बदइंतजामी का बोलबाला, पार्षद पूनम आसटकर का फूटा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी की बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर अब जनप्रतिनिधियों का गुस्सा खुलकर सामने आने लगा है। वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद पूनम आसटकर ने नगर परिषद के सीएमओ, अध्यक्ष और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रशासनिक कार्यप्रणाली को पूरी तरह विफल बताया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद में अव्यवस्था इस कदर हावी है कि आम नागरिक मूलभूत सुविधाओं के लिए भी परेशान हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। पार्षद ने आरोप लगाया कि नगर परिषद अध्यक्ष ने आज तक वार्डों का गंभीरता से भ्रमण नहीं किया। वहीं सीएमओ और कर्मचारियों द्वारा लगातार शिकायतों के बाद भी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। निर्माण कार्यों में भी गुणवत्ता को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है, जिससे जनता में भारी नाराजगी है।

**वार्डों में गंदगी का अंबार, सफाई व्यवस्था ध्वस्त**

पूनम आसटकर ने कहा कि नगर के अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हैं, नालियां जाम हैं और गंदगी के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है, लेकिन नगर परिषद ने अब तक सफाई और जल निकासी को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से भी शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। स्वच्छता प्रभारी संतोष भार्गव को भी कई बार अवगत कराया गया, लेकिन कार्रवाई शून्य रही।

**जल निकासी ठप, बारिश में बढ़ेगी जनता की मुसीबत**

बालाघाट रोड पर बने पुल के पास नाली जाम होने से पानी निकासी पूरी तरह बाधित हो रही है। पार्षद का कहना है कि यदि जल्द सफाई नहीं हुई तो बारिश के दौरान जलभराव और गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है तथा बारीश का पानी घरो के अंदर आ जायेगा।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नगर के सभी



वार्डों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो नगर कांग्रेस कमेटी लांजी सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद प्रशासन की होगी।

### 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी नई दरें, छात्राओं को मिलेगा अधिक लाभ

# जनजातीय छात्रावासों के विद्यार्थियों को बड़ी सौगात, शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग ने अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को बड़ी राहत देते हुए छात्रावास एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की मासिक शिष्यवृत्ति राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। नई शिष्यवृत्ति दरें 1 जुलाई 2026 से लागू होंगी, जिससे प्रदेशभर के हजारों जनजातीय विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनकी शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले विद्यार्थियों की बढ़ती आवश्यकताओं और महंगाई को ध्यान में रखते हुए शिष्यवृत्ति की राशि में वृद्धि की गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य शासन ने यह भी निर्णय लिया है कि अब अनुसूचित जनजाति छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों की शिष्यवृत्ति दरों का निर्धारण प्रत्येक वर्ष मार्च माह के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आधार पर किया जाएगा। संशोधित दरें प्रत्येक वर्ष जुलाई माह में छात्रावास एवं आश्रम प्रारंभ होने के साथ स्वतः प्रभावी हो जाएंगी।



इससे महंगाई के अनुरूप विद्यार्थियों को समय-समय पर आर्थिक सहायता मिलती रहेगी।

जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए नई शिष्यवृत्ति दरें निर्धारित की गई हैं। अब छात्रावास एवं आश्रमों में रहने वाले बालक विद्यार्थियों को 1,720 रुपये प्रतिमाह तथा बालिका विद्यार्थियों को 1,770 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्राओं को अधिक राशि प्रदान करने का उद्देश्य उन्हें शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है।

राज्य सरकार का मानना है कि आर्थिक रूप से कमजोर जनजातीय परिवारों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने में यह निर्णय महत्वपूर्ण साबित होगा। बढ़ी हुई शिष्यवृत्ति से विद्यार्थियों को दैनिक आवश्यकताओं, अध्ययन सामग्री एवं अन्य शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति में सहायता मिलेगी, जिससे वे बिना आर्थिक चिंता के अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

# 'खेत बचाओ अभियान' के तहत आधुनिक तकनीकों को अपनाने एवं लागत कम करने पर दिया गया जोर

**बालाघाट।** किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने, उत्पादन लागत कम करने तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 28 जून 2026 को बालाघाट विकासखंड की ग्राम पंचायत मोतेगांव में 'चौपाल एवं खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत किसान बैठक का आयोजन किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बैठक में उपस्थित किसानों को खरीफ सीजन के लिए विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं नवीन कृषि तकनीकों की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को विशेष रूप से डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) पद्धति से धान की बुवाई के लाभों से अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि डीएसआर तकनीक अपनाने से पानी की बचत होती है, श्रम एवं उत्पादन लागत में कमी आती है तथा समय पर बुवाई होने से फसल की उत्पादकता में भी वृद्धि होती है।

बैठक में किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित खेती के लाभ बताए गए। अधिकारियों ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। कृषकों को पराली प्रबंधन के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। उन्हें समझाया गया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय खेत में ही वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है, जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है तथा पर्यावरण प्रदूषण से भी बचाव होता है।

# सामाजिक सेवा एवं जनस्वास्थ्य के प्रति समर्पण का एक और सफल प्रयास

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** समाज सेवा एवं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के अपने संकल्प को चरितार्थ करते हुए सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपनी समर्पित टीम के साथ एवं नए मानकों को स्थापित करते हुए आदर्श ग्राम पंचायत लिंगा एवं शिवाजी नवयुवक मंडल, लिंगा के सहयोग से ग्राम लिंगा में एक विशाल मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया।इस स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, निःशुल्क दवाइयों का वितरण, ईसीजी जांच, तथा निःशुल्क रक्तदान शिविर जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें शामिल थे—डॉ. प्रिंस वर्मा (MBBS, MS, MCh) – ब्रेन एवं स्पाइन विशेषज्ञडॉ. निकलेश वासनिक (MBBS, MS) – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जनडॉ. प्रवीण जयराजन (MBBS, MD मेडिसिन) – फिजिशियनडॉ. उमंग बघेल (MBBS, MD) – वरिष्ठ पैथोलॉजिस्टडॉ. अभिषेक अडे – सीनियर फिजियोथेरेपिस्टडॉ. शुभम वैद्य (MBBS, MS) – अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञडॉ. रश्मि साकरवाड़े (MBBS, MS) – स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञशिविर



के सफल संचालन में हॉस्पिटल मैनेजर डॉ. हितेश कावड़े के साथ सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च एवं इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च के इंटर्न विद्यार्थियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही ग्राम के नवयुवकों ने भी पूरे उत्साह के साथ सहयोग किया।इस शिविर में ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। स्वास्थ्य जांच के दौरान अनेक ऐसे रोगों की पहचान हुई जिनकी जानकारी स्वयं मरीजों को पहले से नहीं थी। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने उन्हें आवश्यक परामर्श, उपचार एवं आगे की चिकित्सा संबंधी उचित मार्गदर्शन प्रदान किया।यह मेगा हेल्थ कैंप सरदार पटेल मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल की समाज सेवा, जनकल्याण एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की प्रतिबद्धता का एक सफल उदाहरण रहा।

# घोड़ेश्वर वाद्ययंत्र संग्रहालय को मिला 300 वर्ष पुराना दुर्लभ शंख

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में स्थापित घोड़ेश्वर वाद्ययंत्र संग्रहालय को लगभग 300 वर्ष पुराना एक दुर्लभ एवं ऐतिहासिक महत्व का शंख प्राप्त हुआ है। यह शंख महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम अर्जुनी निवासी सुद्धोधन रंगारी ने संग्रहालय को भेंट किया है। बताया गया कि यह शंख उनके परिवार की चार पीढ़ियों से धार्मिक अनुष्ठानों एवं पारंपरिक अवसरों पर उपयोग में लाया जाता रहा है। हाल ही में मकान निर्माण के दौरान यह शंख सुरक्षित अवस्था में मिला, जिसके बाद इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखने की भावना से संग्रहालय को सौंपने का निर्णय लिया गया।

सुद्धोधन रंगारी ने यह प्राचीन शंख घोड़ेश्वर वाद्ययंत्र संग्रहालय के संस्थापक जी.आर. घोड़ेश्वर के पुत्र प्रमोद कुमार घोड़ेश्वर को संग्रहालय



हेतु भेंट किया। संग्रहालय परिवार ने इस अमूल्य धरोहर के लिए सुद्धोधन रंगारी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार के दान से न केवल संग्रहालय की ऐतिहासिक धरोहर समृद्ध होती है, बल्कि भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण को भी नई दिशा मिलती है।घोड़ेश्वर वाद्ययंत्र संग्रहालय वर्षों से प्राचीन वाद्ययंत्रों एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का कार्य कर रहा है। संग्रहालय में देश के विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त अनेक दुर्लभ वाद्ययंत्र सुरक्षित रखे गए हैं, जिन्हें देखने के लिए शोधार्थी, विद्यार्थी और संगीत प्रेमी पहुंचते हैं।

संग्रहालय प्रबंधन ने जिले के नागरिकों से भी अपील की है कि यदि उनके पास कोई पुराना वाद्ययंत्र, शंख, लोकसंगीत से जुड़ी सामग्री या अन्य ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित हो, तो उसे संग्रहालय को भेंट कर इस सांस्कृतिक अभियान का हिस्सा बनें। इससे आने वाली पीढ़ियों को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जानने और समझने का अवसर मिलेगा।

### टीएल बैठक में पेयजल स्रोतों के शुद्धिकरण, डायरिया रोकथाम एवं समय-सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित निराकरण पर कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर एक दिन का वेतन कटेगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को समयावधि (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक में प्रशासनिक कार्यों की प्रगति, जनहित से जुड़े मामलों तथा विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जी.एस. धुर्वे, श्री डी.पी. बर्मन, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि सभी शिकायतों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत ३नॉट अटेंडेड३ की स्थिति में नहीं रहनी चाहिए। यदि किसी अधिकारी की लापरवाही के कारण शिकायत नॉट अटेंडेड पाई जाती है तो संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन काटकर रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा कराया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में वर्षाकाल के दौरान संभावित जलजनित बीमारियों की रोकथाम को प्राथमिकता देते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों की नियमित निगरानी और शुद्धिकरण सुनिश्चित किया जाए। सभी हैंडपंपों एवं कुओं में समय-समय पर क्लोरीनेशन कराया जाए तथा आवश्यकतानुसार पोटाश का उपयोग किया जाए, ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके और डायरिया सहित अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि मानसून के दौरान पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। संबंधित विभाग पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें और जहां भी दूषित पेयजल की संभावना हो, वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बैठक में विभिन्न विभागों के समय-सीमा संबंधी प्रकरणों की भी विभागवार समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, लंबित प्रकरणों एवं जनकल्याणकारी कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी विभाग नियमित रूप से अपने कार्यों की समीक्षा कर जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि आम नागरिकों को शासन की सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### फायरिंग, लाठी से वार और फिर फरार- देर रात वारदात से दहला पूरा नगर

# लांजी में लूट का तांडवः सराफा व्यापारी पर जानलेवा हमला, 9 लाख के जेवरात लेकर फरार हुए बदमाश

हरिभूमि न्यूज लांजी।

लांजी नगर में रविवार रात अपराधियों ने ऐसा तांडव मचाया कि पूरा शहर दहशत में आ गया। हथियारों से लैस बदमाशों ने एक सराफा व्यापारी को बीच रास्ते रोककर न केवल हमला किया, बल्कि लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात लूटकर फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार कामना ज्वेलर्स के संचालक कपिल आसटकर रोजाना की तरह रात में दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। उनके पास दुकान के कीमती जेवरात दो बैग में रखे हुए थे। दुकान से घर की दूरी महज 700 मीटर थी, लेकिन यही सफर उनके लिए खौफनाक साबित हुआ। रात करीब 8 से 9 बजे के बीच घर के नजदीक पहुंचते ही पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें घेर लिया।





**हथियार दिखाकर मचाया आतंक:** प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक दो मोटरसाइकिलों पर सवार करीब आठ बदमाश मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने पहले जेवरों से भरे बैग छीनने की कोशिश की। व्यापारी द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने हथियार निकाल लिए और इलाके में दहशत फैला दी। घटना के दौरान फायरिंग किए जाने की भी सूचना सामने आई है, जिससे आसपास के लोग सहम गए।

**लाठी से हमला, खून से लथपथ हुआ व्यापारी:** विरोध बढ़ता देख बदमाशों में शामिल एक आरोपी ने लाठी से कपिल आसटकर के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए। गंभीर चोट लगने से व्यापारी सड़क पर गिर पड़े और खून से लथपथ हो गए। इसके बाद आरोपी दोनों बैग लेकर लांजी-आमगांव मार्ग की ओर फरार हो गए। लूटे गए जेवरात की कीमत 8 से 9 लाख रुपये आंकी जा रही है। घायल व्यापारी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गोंदिया रेफर किया गया।

वहीं घटना के बाद पुलिस भी हरकत में आ गई है। सोमवार को एसडीओपी प्रतिक्षा राठौर, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार सहित पुलिस टीम ने आमगांव रोड, पालडोंगरी, साडरा, कटंगी और बिसोनी क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपीयों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की बात कही है।

### ट्रांसफर पर रेंजर सौरभ शरणागत का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन, नम आँखों से दी गई विदाई

# वनपरिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत को दी गई भावभीनी विदाई, शानदार 4 साल के कार्यकाल को समाज ने किया याद

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** स्थानीय मरारी टोला स्थित राजा भोज स्मारक भवन में बीते दिनों एक बेहद भावुक और गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजा भोज स्मारक समिति और पवार समाज सर्कल (बिरसा) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था, जो यहाँ के लोकप्रिय वनपरिक्षेत्र अधिकारी (रेंजर) सौरभ शरणागत के स्थानांतरण (तबादले) पर उनके सम्मान में रखा गया था।इस विदाई सह सौजन्य बैठक में न केवल बिरसा मुख्यालय बल्कि आस-पास के दर्जनों ग्रामीण इलाकों से स्वजातीय बंधु, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में रेंजर साहब को विदा करने पहुँचे।



**अधिकारी हो तो ऐसा रेंजर के 4 साल के कार्यकाल की जमकर हुई प्रशंसा:** समारोह की शुरुआत में समाज के वरिष्ठ जनों और प्रबुद्ध नागरिकों ने मंच से अपने उद्बोधन में रेंजर सौरभ शरणागत के कामकाज की खुलकर तारीफ की। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल को 'सफल और बेमिसाल' बताते हुए कहा कि बीते 4 सालों में उन्होंने वन विभाग और जनता के बीच की दूरी को पाटने का काम किया।कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठों ने कहा श्री शरणागत ने अपनी शासकीय सेवा को पूरी ईमानदारी से निभाया ही, साथ ही सामाजिक एकजुटता और क्षेत्र के विकास में भी उनका बहुत बड़ा योगदान रहा। उनके उत्कृष्ट प्रशासनिक फैसलों और सरल स्वभाव को बिरसा क्षेत्र के लोग हमेशा याद रखेंगे। उन्होंने शासकीय सेवा के साथ-साथ समाज को जोड़ने का जो प्रयास किया, वह अनुकरणीय है।

**विदाई भाषण में भर आया गला, रेंजर बोले - भूल हुई हो तो क्षमा करें:** जब वनपरिक्षेत्र अधिकारी सौरभ शरणागत मंच पर अपना विदाई भाषण देने खड़े हुए, तो माहौल पूरी तरह से भावुक हो गया। विदाई की इस वेला पर अपने जज्बातों को रोक पाना उनके लिए भी मुश्किल था।उन्होंने भावुक मन से जनता का आभार जताते हुए कहा बिरसा क्षेत्र के समाज जनों और यहाँ की जनता से मुझे जो अगाध प्रेम, सम्मान और सहयोग मिला है, उसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यहाँ बिताए गए 4 वर्ष मेरे जीवन के सबसे अमूल्य और खूबसूरत पल हैं। शासकीय सेवा के नियमों के कारण मुझे यहाँ से जाना पड़ रहा है, लेकिन मेरा दिल हमेशा यहीं रहेगा। मैं नौकरी में चाहे जिस भी जिले या क्षेत्र में रहूँ, यदि कभी भी मेरे समाज या यहाँ के लोगों को मेरी आवश्यकता पड़ती है, तो मैं आप सभी के बीच सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा।अपने भाषण के आखिरी पलों में रेंजर साहब का गला भर आया। उन्होंने बेहद सादगी और विनम्रता से हाथ जोड़कर कहा कि यदि इन 4 वर्षों के दौरान काम के सिलसिले में या जाने-अनजाने में उनसे कोई भूल-चूक हुई हो, तो वे इसके लिए सहृदय क्षमा प्रार्थी हैं। उनकी इस सादगी ने वहाँ मौजूद हर शख्स का दिल जीत लिया।

**इस यादगार पल के साक्षी बने क्षेत्र के गणमान्य नागरिक:** इस भावुक कर देने वाले विदाई समारोह में पवार समाज और राजा भोज स्मारक समिति के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेवरिष्ठ पदाधिकारी डेमनलाल रहांगडाले, निरपतलाल बघेल, देवलाल रहांगडाले, लाभ सिंह बिसेन।प्रमुख नागरिक- नरेंद्र रहांगडाले, राजेंद्र रहांगडाले, सुनील रहांगडाले, रमेश तुरकर। श्यामलाल रंहागडाले, धनीराम रहांगडाले, नेताम रहांगडाले, फूल सिंह ठाकरे, लोकराम रंगाहाडाले।इनके अलावा पवार समाज सर्कल बिरसा के सभी पदाधिकारी, राजा भोज स्मारक समिति के सक्रिय सदस्य और आसपास के ग्रामीण अंचलों से आए सैकड़ों स्वजातीय बंधु इस विदाई वेला में शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन बेहद सौहार्दपूर्ण, अनुशासित और सम्मानजनक माहौल में हुआ, जहाँ सभी ने रेंजर सौरभ शरणागत को उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी कार्यकाल के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दीं।

ओरिएण्टल इंजीनियरिंग कॉलेज लालबर्रा (बालाघाट)
B.Tech
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
Polytechnic
+ माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग
+ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
+ सिविल इंजीनियरिंग
+ मैकेनिकल इंजीनियरिंग
+ कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
प्रवेश प्रारंभ 2026-27
Balaghat Road Lalburra, Teh, Lalburra, Dist. Balaghat M.P. 9202131331, 9202121331

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time/Full Time
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agri) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त...
रोजगार हेतु नियमित केम्पस
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
स्वामी विवेकानन्द प्रा. I.T.I.
Admission Open
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832